Health Education and Rehabilitation etc. were discussed.

The main recommendations made by the Conference are as under :

(i) Assessment of the work done in connection with the National Leprosy Control Programme may be made.

(ii) More funds may be provided for the implementation of the Leprosy Control Programme in the country.

(iii) Import of some new drugs found effective for treatment of leprosy may be allowed.

(iv) Mass education through Radio, release of postage stamps and inclusion of a lesson giving details about the incidence, symptoms and treatment of leprosy in regional languages in the text-books prescribed for schools in various States, may be arranged.

स्वर्ण नियंत्रण आदेश के जारी किये जाने के बाद मध्य प्रदेश में पकड़ा गया सोना

9229. **श्री गं० च० दीक्षित :** क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) स्वर्ण नियंत्रण आदेश के जारी किए जाने के बाद पध्य प्रदेश में 18 कैरेट से अधिक शुद्धता का कितना सोना पकड़ा गया ;

(ख) इस सम्बन्ध में उक्त राज्य में कितने व्यक्ति गिरफ्तार किये गये ;

(ग) कितने व्यक्तियों के विरुद्ध अभी मामले चल रहे हैं ; और

(घ) उन्हें निपटाने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

उप प्रधान मन्त्री तथा वित्त मन्त्री (श्री मोरारजी देसाई): (क) स्वर्ण-नियंत्रण आदेश के लागू किए जाने की तारीख से लेकर 31-3-1969 तक पकड़े गये 18 कैरेट से अधिक शुद्धता के सोने की मात्रा (सोने की वस्तुएं और जेवरात सहित) 132.9 किलोग्राम थी।

(ख) और (ग). 19 व्यक्तियों को भाग (क) में उल्लिखित मामलों के सिलसिले में मुकदमा चलाने के प्रयोजन से गिरफ्तार किया गया था। इसमें वे व्यक्ति शामिल नहीं है जिन पर केवल विभागीय न्याय-निर्णय की कार्यवाही की गई थी। जो 19 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए थे उनमें से चार के मामलों में न्यायालयों ने फैसले दे दिये हैं और शेष 15 के मामले अभी भी विचाराधीन हैं।

(घ) जिन मामलों में शिकायतें दायर की गई है वे न्यायालय में विचाराधीन है और जिनके बारे में शिकायतें अभी दायर की जानी है उनकी जांच-पड़ताल और विभागीय कार्यवाही शीघ्र करने के प्रयास किये जा रहे हैं, ताकि शिकायतें दायर की जा सकें।

मध्य प्रदेश में अफीम की खेती वाली भूमि

9230. **श्री गं० च० दीक्षित :** क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में कितने एकड़ भूमि में अफीम की खेती की जाती है ;

(ख) क्या सरकार ने अधिक भूमि में अफीम की खेती करने का निर्णय किया है ; और

(ग) यदि हां, तो कितनी अतिरिक्त भूमि में और इसके परिणामस्वरूप सरकार को कितनी अतिरिक्त आय होने की सम्भावना है ?

उप-प्रधान मन्त्री तथा वित्त मन्त्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) मध्य प्रदेश में 1968-69 की फसल के मौसम में 16,043 हेक्टर भूमि में पोस्त की काश्त के लिए लाइसेंस दिये गये थे।

(ख) और (ग). 1969-70 की फसल के मौसम मे कितने क्षेत्र में खेती के लिए लाइसेंस दिये जांय इसका फैसला अगस्त-सितम्बर 1969 में किसी समय अगली फसल के मौसम के आरंभ होने से पहले किया जायगा।

कृषि प्रयोजनों के हेतु पम्पिंग सेटों के लिए अतिरिक्त सहायता

9231. **श्री गं० च० दीक्षित :** क्या सिंचाई तथा विद्युत मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश